>

Title: Need to revise the rates paid for mid day meal in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदय, मैं सर्वप्रथम इस स्थान से बोलने की अनुमति चाहता हूं।

सभापति महोदय : ठीक है, बोलिए।

श्री वीरेन्द्र कश्यप : महोदय, मैं आपके माध्यम से एवं आपकी अनुमति से एक मुद्दा उठाना चाहता हूं अपने हिमाचल प्रदेश का और खासकरके पहाड़ी राज्यों का। जो मिड डे मील स्कूलों में दिया जा रहा है, हिमाचल प्रदेश में यह दिक्कत है कि ट्रंसपोर्टेशन ज्यादा लगता है। वैसे उत्तराखण्ड और नॉर्थ ईस्ट में भी स्थिति है, लेकिन मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं हिमाचल प्रदेश में मिड डे मील के ट्रंसपोर्टेशन के लिए 90-10 की शेयरिंग किया जा रहा है, लेकिन नॉर्थ-ईस्ट के जो आठ राज्य हैं, उनमें यह शेयरिंग 90-10 का है, लेकिन मील्स प्लस कुकिंग का जो खर्च है, उसमें यह शेयरिंग 90-10 की नहीं है। हिमाचल प्रदेश में वह 75-25 प्रतिशत की है। शायद उत्तराखण्ड में भी वह उसी पैटर्न पर दिया जा रहा है।

मैं आपसे यही मांग करना चाहता हूं कि नॉर्थ ईस्ट में जिस तरह इसे किया जा रहा है, उसी पैटर्न पर हिमाचल प्रदेश को भी दिया जाए और हिली स्टेट्स की जो एक जैसी समस्याएं हैं, उनके अनुरूप यह सब काम होना चाहिए।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि वर्ष 2008 और 2009 में 6 करोड़ 18 लाख रुपये हिमाचल प्रदेश को इस हिसाब से कम मिले हैं। वहां की सरकार ने भी इसे सेंटर के पास भेजा है कि यह पैसा हमें दिया जाए क्योंकि नॉर्थ ईस्ट में और हमारे हिमाचल प्रदेश में जो डिफ्रेंस आ रहा है, वह 30 पैसे प्रति स्टूडेंट प्रतिदिन के हिसाब से आता है। वह भी केन्द्र सरकार हमको दे, यही मैं मांग करना चाहता हूं। धन्यवाद।

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL (BIKANER): Please allow me to associate with this matter.

MR. CHAIRMAN : Shri Arjun Ram Meghwal is allowed to associate with this matter.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, there is no member on the Panel of Chairmen present in the House and my name is in the `Zero Hour' list. So, I would request Shri B. Mahtab, Senior Member, to preside over the Chair, if the House agrees.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

18.29 hrs.

(Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair*)